होली पर्व पर खूब हुई रंगों की बारिश, उड़े अबीर व गुलाल

- पुलिस अधिकारी व जवानों ने पुलिस लाइन में खेली होली

श्रावस्ती (डीएनएन)। श्रावस्ती जिले में होली पर्व पर जारी रही रंगों की बारिश,एक दूसरे के गले मिलकर व पैर छूकर आर्शीवाद लेने का जो सिलसिला शुरू हुआ वह गुझिया की मिठास के साथ सम्पन्न हुआं। जहां एक तरफभिनगा नगर में होलिकोत्सव समिति की सक्रियता व उत्साह के चलते काफी संख्या में लोग मौजूद रहे, और होली के गीत पर थिरकते रहे। वहीं रंगों का नशा भी जबरदस्त रहां। इधर पुलिस लाइन में होली के दूसरे दिन पुलिस अधीक्षक राहुल भाटी के नेतृत्व में पुलिस अधिकारी व जवानों ने भी होली पर्व को लेकर जबरदस्त उत्साह दिखां। भिनगा नगर में राजर्षि ठाकुरद्वारा से होलिकोत्सव समिति के नेतृत्व में एक विशाल जलूस निकाला गया। बाजे गाजे के साथ निकाले गये इस जलूस में होली गीत पर युवा वर्ग थिरकते रहें। रंगो की बारिश व अबीर गुलाल उड़ाते हुए यह जलूस ईदगाह तिराहा,छावनी बाजार व अस्पताल चौराहा होते हुए काली मन्दिर पहुंचा पुनः वहां से वापस होकर पुरानी बाजार होते हुए राजर्षि ठाकुरद्वारा पर समाप्त हुआं। जिले के इकौना, गिलौला, सिरसिया, मल्हीपुर व लक्ष्मनपुर बाजार सहित अन्य स्थानों पर होली पर्व उत्साह के साथ मनाया गयां। शांति ब्यवस्था को बनाये रखने के उददेश्य से डीएम अश्विनी कुमार पाण्डेय व एसपी राहुल भाटी के निर्देश पर पुलिस व प्रशासन के अधिकारी तैनात रहे।

पुलिस लाइन में होली मनाते पुलिस अधिकारी व जवान